



## जन्म शताब्दी आयोजन में होगा आदिवासी सम्मेलन



**बड़वानी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 19 से 24 जनवरी तक भगवती देवी शर्मा माता एवं अखंड दीपक जन्म शताब्दी का विराट आयोजन वैरागी द्वीप हरिद्वार में होगा। शताब्दी समारोह में आदिवासी सम्मेलन का होना निश्चित किया है। अखिल विश्व गायत्री परिवार के दल नायक, देव संस्कृति विश्व विद्यालय के प्रतिकुलपति, शताब्दी समारोह के प्रमुख संयोजक डॉक्टर चिन्मय पंड्या ने सदूर अंचल के आदिवासी गायत्री परिजनों को सम्मेलन में आमंत्रित किया है। बड़वानी, खरगोन, धार, आलीराजपुर, झाबुआ जिले से करीब 25 सौ आदिवासी जाने के लिए सहमत हुए हैं। आयोजन को लेकर अनुशासन गोष्ठी सियाराम बाबा आश्रम नागलवाड़ी में हुई। जिला समन्वयक महेंद्र भावसार ने सैकड़ों परिजनों को बताया कि जिले का प्रस्तावित आदिवासी सम्मेलन को स्वीकृति दी गई है। साधना अभियान प्रभारी नरेंद्र डावर ने आदिवासी अंचल के परिजनों को बधाई दी। विक्रम जमरे ने ग्रामीण अंचलों के परिजनों की सूची बनाकर भागीदारी करने की योजना बताई। प्रभारी नियुक्त किए गए। 16 जनवरी शाम को 10 बस निर्धारित स्थान से प्रस्थान करेंगी। हरिद्वार आयोजन स्थल पहुंचेंगे। 17 जनवरी ट्रेन यात्री इंदौर से प्रस्थान करेंगे। परिजनों पंजीयन कर आईडी कार्ड बनाए जाएंगे।

## तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन



**बड़वानी।** एजुकेशन हब कोचिंग संस्था द्वारा 3 दिवसीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम विंग्स 26 का आयोजन किया गया। पहले दिन इनडोर गेम्स हुए, जिनमें बच्चों ने खूब मजे किए। दूसरे दिन ओपन माइक कंपटीशन आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों ने शायरी, स्टैंड अप कॉमेडी और अपनी आवाज से सब का मन मोह। संस्था संचालक जमीर पठान ने बताया कि संस्था के 15वें स्थापना दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने नई तकनीकी का प्रयोग करते हुए कई मॉडल बनाए। साथ ही विज्ञान की तरक्की और प्रकृति के संरक्षण का संदेश भी दिया। बच्चों द्वारा बनाया गए मॉडल पर पालक एवं अतिथियों ने अपने निर्णय भी दिए। जिसके आधार पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं की घोषणा की जाएगी। कार्यक्रम में संस्था शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा। वहीं विद्यार्थियों और पालकों की सहभागिता रही।

## नगर परिषद कर्मचारियों ने लिए पानी के सैम्पल



**निवाली।** नगर में पेय जल की व्यवस्था को देखते हुए नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा पानी की बॉटल में पानी के सैंपल लिए गए।

## मेडिकल कॉलेज रिपोर्ट में दूषित पानी की पुष्टि

इंदौर। भागीरथपुरा क्षेत्र में हजारों लोग बीमार हो गए। बीमार होने का कारण दूषित और गंदा पानी पीना बताया जा रहा था। आज मेडिकल कॉलेज की रिपोर्ट में दूषित पानी की पुष्टि की गई है। खास बात यह है कि रिपोर्ट में इसका खुलासा नही किया गया है कि पानी किस स्तर तक दूषित हुआ है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ माधव हसानी ने बताया कि भागीरथपुरा क्षेत्र में डायरिया फेल गया था। इसके बाद क्षेत्र में संक्रमण फैलने का कारण पता लगाने के लिए पानी के नमूने मेडिकल कॉलेज में जांच के लिए भेजे गए थे। डॉ. हसानी ने आज कहा कि मेडिकल कॉलेज से पानी के नमूनों के जांच रिपोर्ट मिल गई है। रिपोर्ट में पानी में कुछ अन्य मिला पाया गया है, जिससे दूषित जल होने की पुष्टि की गई।

# वांगरा उपचुनाव मेंभाजपा की ऐतिहासिक जीत

### विधायक श्याम बरडे के नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत, 13 वर्षों बाद बीजेपी का उपसरपंच

**पानसेमल, ( नवभारत )।**

वार्ड 2 पार्षद एवं सरपंच चुनाव में विधायक श्याम बरडे के नेतृत्व में जीत हासिल की है। शुक्रवार जलगौन मंडल अंतर्गत ग्रापं वांगरा के उपचुनाव में भाजपा ने 189 मतों से ऐतिहासिक विजय प्राप्त की। उपचुनाव के परिणाम को लेकर सुबह से ही तहसील मुख्यालय पर दोनों दलों के समर्थक एवं जनप्रतिनिधियों का समूह एकत्रित रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी जयतिसिंह के निर्देशन में सुबह 8 बजे बाद एसडीएम रमेशचंद्र सिसोदिया एवं रिटर्निंग अधिकारी सुनील सिसोदिया, सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजाराम रानाडे, मतगणना कर्मचारियों व अभ्यर्थी, अभिकर्ता की मौजूदगी में गणना शुरू हुई। 3 राउंड में मतगणना के बाद परिणाम घोषित हुए। जिसमें भाजपा समर्थित मोसंबी बाई गंगाराम को 1540 सोनिया मोंटा खेड़कर 1351 को कामिनी हापले को 47 एवं नोटा को 30 मतदान प्राप्त हुए। इस दौरान थाना प्रभारी मंशाराम वगेन, खेतिया थाना प्रभारी सुरेंद्र कनेश निवाली थाना प्रभारी आरके लोवंशी सहित पुलिस बल मौजूद रहा। वर्षों से कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाले वांगरा के नतीजों को लेकर जनता में उत्सुकता बनी हुई थी। मतगणना प्रारंभ होते ही परिणाम भाजपा के पक्ष में गया। भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी मौसम्बी बाई गंगाराम किराडे ने 189 मतों से विजय प्राप्त की। नगर परिषद वार्ड उपचुनाव एवं ग्रापं वांगरा सरपंच उपचुनाव दोनों ही सीटों पर भाजपा की यह जीत, विधायक श्याम बरडे की रणनीति, मजबूत संगठन क्षमता और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की अद्वितीय नेतृत्व शैली का परिणाम मानी जा रही है।

विधायक श्याम बरडे ने बताया कि मजदूर, किसान सहित सभी वर्गों के लिए निरंतर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाएं एवं उनका धरातल पर क्रियान्वन से ही जनता



का बीजेपी पर भरोसा बना हुआ है। बीते एक वर्ष में विधानसभा क्षेत्र के 10 से अधिक ग्रामों से कांग्रेस समर्थित सरपंचों ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। तहसील मुख्यालय से जीत का जश्न मनाते हुए नगर से विधायक जनसंपर्क कार्यालय पहुंचा। जहां बड़ी संख्या में कार्य कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देकर मुंह मीठा कराया। उन्होंने कहा कि यह विजय सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के संकल्प का साकार रूप है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक श्री बरडे के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जिला महामंत्री सचिन चौहान, मंडल अध्यक्ष चेनसिंह गदरे, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन, श्याम हरसोला, गोविंद जोशी, कन्हैया जैन, प्रकाश जोशी, प्रेमसिंह पटेल, उत्तम चौहान, योगेश जैन, राकेश दावरे, वासुदेव जाधव, संजू सांवले, हितेंद्र हरसोला, पार्षद, सरपंच सहित वांगरामौजूद रहे।

राजनैतिक विश्लेषकों की माने तो ग्राम पंचायत वांगरा में हुए सरपंच पद के उपचुनाव में कांग्रेस को दूसरा झटका लगा है। सरपंच और पार्षद के उपचुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा, वह इस उपचुनाव में अपनी सीट नहीं बचा पाई। एक बार फिर इन परिणामों ने बता दिया है कि कांग्रेस की आपसी गुटबाजी कांग्रेस को कमजोर कर रही है।

गौरतलब है की पानसेमल विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ कहा जाता था, लेकिन कांग्रेस का यह गढ़ अब ध्वस्त हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार के सामने कांग्रेस के ही एक बागी उम्मीदवार के कारण हार देखना पड़ी। जिसके चलते कांग्रेस से पराजित उम्मीदवार पूर्व विधायक चन्द्रभागा किराड़े ने कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा की शरण ले ली थी। यहीं से कांग्रेस कमजोर होना शुरु हुई। जबकी इन उपचुनाव में विधायक श्याम बर्डे के नेतृत्व में हुए उपचुनाव में भाजपा को मिली जीत से कार्यकर्ताओ में उत्साह है। पानसेमल नगर परिषद वार्ड क्रं. 2 का उपचुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शुक्ला की पत्नी स्व सरला अनिल शुक्ला और ग्राम पंचायत वांगरा के सरपंच का पद बड़वानी जिला आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष मोंटा खेड़कर की पत्नी स्व रंजना मोंटा खेड़कर के निधन से रिक्त हुआ था। पंचायत वांगरा से मोंटा खेड़कर ने अपनी बेटी सोनिया खेड़कर को मैदान में उतारा, जहां उसे पराजय मिली। उल्लेखनीय है की मोंटा खेड़कर पानसेमल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सशक्त दावेदार है, उनकी दावेदारी को मजबूत करने के लिए उन्हें आदिवासी कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाया पर वह अपनी पंचायत को भी कांग्रेस के लिए बचा नहीं पाए। जीत के बाद विजेता उम्मीदवार को बधाई दी है।

**कार्यकर्ताओं में उत्साह**

- **भाजपा को मिली जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उम्मीदवार को दी बधाई।**

## 5 को लगेगा नि :शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर

**बड़वानी, ( नवभारत )।**

**जिला चिकित्सालय और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर द्वारा में 5 जनवरी को नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। महेश जोशी ने बताया कि शिविर में चयनित मरीजों का नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण इंदौर में किए जाएंगे।**

डीडीपीएम अनिल राठौड़ ने कहा कि मरीज के साथ एक परिजन होने पर ही ऑपरेशन किए जाएंगे। मरीज अपनी पुरानी शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच रिपोर्ट यदि हो तो लेकर आए। महिला मरीज सिर के बाल धोकर आए।

कैम्प कोआर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम ने बताया कि शिविर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। नेत्र अस्पताल द्वारा लैंस, चश्मे, दवाइयां इत्यादि नि:शुल्क दिए जाएंगे। लायंस क्लब बड़वानी द्वारा शिविर वाले दिन नि:शुल्क भोजन कराया जाएगा। क्लब सदस्यों ने शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## बालाघाट में होगी जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 03 जनवरी.**

हॉकी मध्य प्रदेश के तत्वावधान में राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता 4 जनवरी 2026 से बालाघाट में आयोजित होगी। जिसमें जिला हॉकी संघ बड़वानी का 18 सदस्यों का दल कप्तान पिंकी दावदे नेतृत्व में भाग लेगा। प्रतियोगिता में चयनित दल राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा।

हॉकी कोच मुकेश राठौर ने बताया कि जिला हॉकी संघ के दल में पिंकी दावदे कप्तान, रजनी वास्कले उप कप्तान, मोनिका



राठौड़, सिद्धि शर्मा, भूमिका यादव, अन्नपूर्णा सोलंकी, सलोनी कनसिया, भवानी बामनिया, नम्रता यादव, गीतांजलि वर्मा, परी गोस्वामी, पीहू राठौर, प्रभलीन कोर, वंशिका बड़ोले, स्नेहा दावदे, केसर भाबर, कोमल जाधव, शिवानी बनमिया, मनप्रीत कौर, वैष्णवी मुजाल्दे, टीम के कोच मैनेजर शशिकांत शर्मा एवं हरदीप सिंह सलूजा होंगे।

### उपलब्धि व्यक्त किया हर्ष

इस उपलब्धि पर जिला हॉकी संघ के संरक्षक डॉ ओपी खंडेलवाल, जिला हॉकी संघ अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजय कानूनगो, राजेंद्र भावसार, प्रवीण पांडे, रामजय चौहान, भावेश मालवीय, सचिव जसमीत सिंह मदान एवं समस्त हॉकी खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### गणतंत्र दिवस आयोजन के संबंध में होगी बैठक

**बड़वानी।** गणतंत्र दिवस समोराह मनाए जाने की रूपरेखा तैयार किए जाने को लेकर 5 जनवरी को समय-सीमा बैठक के बाद कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में बैठक का आयोजन किया गया है।

## भागीरथपुरा में लापरवाही जारी, ड्रेनेज के ऊपर से डाली जा रही नर्मदा की नई पाइप लाइन

- **14 मौतों के बाद भी नहीं चेता सिस्टम, मौके पर गंभीर खामी : अधिकारी चुप, फिर खतरे की आशंका**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** भागीरथपुरा में दूषित पानी से 14 मौतों के बाद भी लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है. जिस इलाके में पानी को लेकर भरोसा पूरी तरह टूट चुका है, वहीं नर्मदा की नई पाइपलाइन ड्रेनेज लाइन के ठीक ऊपर से डाली जा रही है. यह नजारा मौके पर मौजूद लोगों को डरा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक मौन साधे हुए हैं.

दूषित पानी कांड से पूरा भागीरथपुरा सहमा हुआ है, लोग आज भी नलों का पानी पीने से डर रहे हैं और इसी बीच नई नर्मदा पाइपलाइन बिछाने के काम में गंभीर लापरवाही सामने आई है. नव भारत की टीम ने यहां का दौरा किया तो पाया कि तो पाया कि जिस स्थान पर नई पाइपलाइन डाली जा रही है, उसी के नीचे से



ऐसे में भविष्य में लीकेज या तकनीकी खराबी की स्थिति में गंदा पानी दोबारा सप्लाई लाइन में मिलने का खतरा बना हुआ है. हैरानी की बात यह है कि 14 मौतों के बाद भी काम की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को लेकर कोई सख्ती नजर नहीं आ रही. मौके पर मौजूद लोगों ने जब सवाल उठाए तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला. वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी पाइपलाइन और ड्रेनेज के नजदीक होने की वजह से पानी दूषित हुआ था और अब वही गलती दोहराई जा रही है. इस पूरे मामले की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें साफ दिखाई दे रहा है कि नर्मदा की नई पाइपलाइन ड्रेनेज के ऊपर से गुजर रही है. इसके बावजूद न तो काम रोका गया और न ही किसी वरिष्ठ अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. इलाके के रहवासियों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि जब 14 परिवार अपनों को खो चुके हैं, तब भी सिस्टम सबक लेने को तैयार नहीं है. लोगों का कहना है कि अगर अभी भी लापरवाही बरती गई तो आने वाले दिनों में हालात और भयावह हो सकते हैं. भागीरथपुरा में अब यह सिर्फ दूषित पानी का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह प्रशासनिक संवेदनहीनता और जवाबदेही का बड़ा सवाल बन चुका है. लोग मांग कर रहे हैं कि पाइपलाइन बिछाने के काम की तत्काल जांच हो और भविष्य में किसी भी तरह की चूक की गुंजाइश न छोड़ी जाए.

**समस्या** | **दो वार्डों के बीच की सड़क किस वार्ड की है, इसी असमंजस में जर्जर होता जा रहा हिना कॉलोनी और सम्राट नगर का मार्ग**

# लापरवाही और असमंजस के कारण 25 साल से नहीं बनी सड़क



**इंदौर. लगातार 8 बार से देश का सबसे स्वच्छ शहर बने इंदौर में विकास कार्यों के साथ-साथ निगम प्रशासन की लापरवाही और असमंजस के कारण जन सुविधाओं के काम अटके पड़े हैं, जिससे नागरिकों को असुविधा हो रही है.**

खजराना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड 41 एवं 39 के बीच एक मार्ग ऐसा भी है, जिस पर कई वर्षों से पक् की सडक़ नहीं बन पाई है. यह सडक़ है वार्ड 39 की हिना कॉलोनी और वार्ड 41 के सम्राट नगर की. मात्र कुछ ही मीटर की यह सडक़ जर्जर हालातों में पहुंच गई है. इसे कौन बनाएगा, कैसे होगा और तो और यह मार्ग किस वार्ड में आता है, इसी असमंजस में 25 वर्ष से ज़्यादा बीत गए, लेकिन इस सडक़ का उद्धार नहीं हो पाया है. इस मार्ग से जुड़े क्षेत्रवासी इस समस्या का सामना करते आ रहे हैं. लाख कोशिशों के बाद कुछ माह पूर्व इस सडक़ के दिन फिरने ही वाले थे, बताया जाता है कि सडक़ निर्माण के लिए वार्ड 41 के पार्षद द्वारा नगर निगम में फाईल लगाई गई, लेकिन अधिकारियों ने ही अपरिहार्य कारणों के चलते फाईल अटका दी. इसके बाद एक बार फिर लोगों को उम्मीद टूट गई. अब नगर निगम अधिकारियों का कब मूड होता है, यह तो समय बताएगा. फिलहाल तो लोगों की परेशानियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही है.

### यह बोले रहवासी...



इस मार्ग पर यातायात का दबाव अधिक होने से हर कभी जाम लगता रहता है. बरसात में तो सडक़ पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरा रहता है. पैदल भी चलना मुश्किल होता है. बरसात में तो पानी घरों में तक घुस जाता है.

**- अब्दुल सत्तार खान**

मुझे यहां रहते 30 वर्ष हो चुके हैं, तभी से सडक़ ऐसी ही है. इतने गड्ढे हैं कि आए दिन वाहन चालक गिरते रहते हैं, कई को तो गंभीर चोटें भी आई हैं.



**- रियाजउद्दीन**

दिन भर धूल उड़ती है, कई समस्याएं होती हैं. दमा की शिकायत वाले मरीजों को भारी परेशानी होती है. जर्जर सडक़ से गंदगी भी बनी रहती है. सडक़ बन जाए तो सभी चीजें व्यवस्थित हो जाएं. क्षेत्र में सफाई भी होने लगे.



**- सिराज मंसूरी**

#### सड़क का यह हिस्सा मेरे वार्ड में नहीं आता



टेक्निकली तो नहीं पता, लेकिन सडक़ का यह हिस्सा मेरे वार्ड में नहीं आता, पार्षद प्रणव भैया से इस विषय में बात हुई थी, उन्होंने कहा भी है कि वे इस सडक़ का निर्माण करवाने वाले हैं.

**- रूबिना खान, पार्षद, वार्ड 39**

#### जल्द ही दोबारा फाइल लगाऊंगा



प्रयास पूरे हैं कि कार्य हो जाए, जब फाईल लगाई थी तो सिंगल टेंडर आया था, जो निगम कमिश्नर द्वारा उसे केंसल कर दिया गया है, जल्द ही दोबारा फाईल लगाऊंगा.

**- प्रणव मण्डल, पार्षद, वार्ड 41**

# उपभोक्ताओं को बताएंगे खाद्य सामग्री में मिलावट पता करने के तरीके

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जन जागरूकता अभियान प्रारंभ

इंदौर. जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मिलावटखोरों के विरूद्ध सतत् रूप से की जा रही है। साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है. इसी क्रम में गुरूवार को 56 दुकान चाट चौपाटी पर मोबाईल फूड टेस्टिंग लेब की सहायता से जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में उपभोक्ताओं एवं खाद्य प्रतिष्ठान के संचालकों को खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के आसान घरेलू तरीकों से अवगत कराकर उन्हें जागरूक कर प्रशिक्षित किया गया. साथ ही मौके से कुल 30 खाद्य पदार्थों की त्वरित जांच मोबाईल फूड लेब की सहायता से की गई। 56 दुकान पर उपस्थित जन समूह द्वारा जिला प्रशासन के इस नवाचार की सराहना की गई.

मोबाईल फूड टेस्टिंग लेब भ्रमण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत आम उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों में की जाने वाली




मिलावट के प्रति जागरूक किया जायेगा. इसके अतिरिक्त विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूने लिये जाकर मोबाईल फूड टेस्टिंग लेब की सहायता से मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच की जायेगी. साथ ही खाद्य कारोबारियों को भी मिलावट की जांच हेतु प्रशिक्षित एवं जागरूक किया जायेगा. उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे अपने क्षेत्र में मोबाईल फूड टेस्टिंग लेब के भ्रमण के दौरान अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त करें.

### यहां पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

प्रशिक्षण नजागरूकता कार्यक्रम इंदौर जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे. आयोजन के तहत 2 जनवरी को विजय नगर स्थित द हब चौपाटी पर, 4 जनवरी को बंगाली चौराहे के पास, 6 जनवरी को बिचौली हप्सी स्थित जोडियेक मॉल के पास, 7 जनवरी को हातोद क्षेत्र के मुख्य बाजार में, 8 जनवरी को खुड़ैल के मुख्य बाजार क्षेत्र में एवं 9 जनवरी को बेटमा बस स्टैण्ड के आसपास के क्षेत्र में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.